EQUAL MEASURES 2030

GENDER EQUALITY. DATA. GLOBAL GOALS.

साक्ष्य से कार्यवाही तक

ऐसा विश्व बनाते हुए जिसमें लैंगिक समानता अस्तित्वमान है और हर लड़की और महिला महत्वपूर्ण है और महत्वपूर्ण मानी जाती है

equalmeasures2030.org

आवरण:Plan International
यह पृष्ठ:Vivek Singh – Plan International

क्या हमने यह कर लिया है?

लड़कियाँ और महिलाएँ बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना करती हैं

औसतन, महिलाएँ अभी भी पुरुषों की तुलना में

77

%प्रतिशत ही कमाती हैं।[1]

तीन में से एक

महिला अपने जीवनकाल के दौरान लिंग आधारित हिंसा का अनुभव करेगी।[2]

लैंगिक समानता: एक मूलभूत अधिकार जो हम सभी के लिए लाभदायी है

श्रमिक दल में लिंग के कारण होने वाली असमानताओं को दूर करने से वैश्विक अर्थ व्यवस्था में

$28 ट्रिलियन

जुड़ेंगे।[3]

सहारा क्षेत्र में लड़कियों को माध्यमिक स्कूल तक शिक्षित करने से प्रति वर्ष

1.8 लाख

जीवन बचेंगे।[4]

equalmeasures2030.org

Owen Raggett - Plan International

स्थानीय से वैश्विक तक:

साक्ष्य आधारित वकालत और कार्रवाई के द्वारा लड़कियों और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना

हम लड़कियों और महिलाओं के लिए प्रगति का मापन कर रहे हैं ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारें 2030 तक समानता के बारे में अपने वचनों को पूरा करें

EQUAL MEASURES 2030 के बारे में

Equal Measures 2030 – एक स्वतंत्र नागरिक समाज और निजी क्षेत्र की अग्रगण्यता वाली साझीदारी – एक ऐसे विश्व की कल्पना करता है जहाँ लैंगिक समानता प्राप्त की जाए, और हर लड़की और महिला महत्वपूर्ण हो और महत्वपूर्ण मानी जाए। इस स्वप्न को पूरा करने के लिए, हम डेटा और साक्ष्य को वकालत और कार्रवाई से जोड़ते हैं, और लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को पोषित करते हैं।

इसका अर्थ है, आंशिक रूप से, यह सुनिश्चित करना कि लड़कियों और महिलाओं के आंदोलनों, वकीलों और निर्णयकर्ताओं के पास उपयोग में आसान डेटा और साक्ष्य हो जो 2030 तक वहनीय विकास ध्येयों (SDGs) के रूपांतरणीय अजेन्डा को पूरा करने के प्रयासों का मार्गदर्शन करें और कोई पीछे न छूट जाए।

Equal Measures 2030 को 2016 में अंतर-क्षेत्रीय साझीदारों के एक समूह द्वारा बनाया गया था, जिन्होंने अपने संसाधनों, कौशलों, नेटवर्क, और महत्वाकांक्षा को डेटा का उपयोग कर के नये और अत्यंत महत्वपूर्ण परिज्ञान, कहानियों और कार्यों को लड़कियों और महिलाओं के लिए संयुक्त प्रभाव सिद्ध करने के लिए जोड़ा था

यह साझीदारी नागरिक समुदाय की प्रमुख प्रादेशिक और वैश्विक संगठनों, और विकास और निजी क्षेत्र का एक संयुक्त प्रयास है, जिन में ये शामिल हैं: African Women's Development and Communication Network (FEMNET), Asian-Pacific Resource and Research Centre for Women (ARROW), Bill & Melinda Gates Foundation, Data2X, International Women's Health Coalition (IWHC), KPMG International, ONE Campaign, Plan International, Women Deliver.

प्रत्येक साझीदार की शक्ति, वैश्विक पहुँच और वैविध्यपूर्ण अनुभव को महत्तम कर के, हम SDGओं के लक्ष्यों और प्रतिबद्धताओं के प्रति लड़कियों और महिलाओं प्रगति (और उसकी कमी) की कहानी सुनाने के लिए संगठित हो कर काम कर रहे हैं।

Equal Measures 2030 के लिए, साक्ष्य को कार्य से जोड़ने का अर्थ है मौजूद लिंग समानता संबंधी डेटा का उपयोग करना, डेटा में कमियों को पूरा करने की अभियाचनाओं का समर्थन करना, और वकीलों को SDG प्रतिबद्धताओं के संबंध में उत्तरदायिता की माँग करने के लिए डेटा और साक्ष्यों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण और साधन प्रदान करना। जब वकील और निर्णयकर्ताओं को उन्हें जिसकी आवश्यकता है वह दमदार साक्ष्य मिलता है, वे लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों को नीति संबंधी अजेन्डा में, और SDGओं को प्राप्त करने में लड़कियों और महिलाओं के अधिकार वरीयता बनें और बने रहें यह सुनिश्चित करने के लिए बेहतर काम कर सकते हैं।

हमारा स्वप्न

एक ऐसी दुनिया जहाँ लिंग समानता है, और जहाँ हर लड़की और महिला महत्वपूर्ण है और महत्वपूर्ण मानी जाती है।

हमारा कार्य

हम यह सुनिश्चित कर के लिंग समानता के प्रति प्रगति को आगे बढ़ाते हैं कि लड़कियों और महिलाओं के आंदोलन, वकील और निर्णयकर्ताओं के पास उपयोग में आसान डेटा और साक्ष्य हों जो कि 2030 तक SDGओं को पूरा किया जाए और कोई पीछे न छूट जाए।

हमारे मूल्

हम उन सभी जोखिम के भागीदारों के साथ सहयोगी तथा अन्वेषी भावना से काम करते हैं जो लैगिक समानता के लक्ष्य तथा बड़े परिवर्तन के प्रति गंभीरता से समर्पित हैं I हम स्वतंत्र रूप से दृढ़, पारदर्शी, सहयोगी तथा कार्यकुशल हैं I

हमारे उद्देश्य:

डेटा और विश्लेषण:

लड़कियों और महिलाओं के लिए SDGओं के प्रति प्रगति का मापन करने के लिए प्रासंगिक, समयोचित और भिन्न डेटा का मूल्यवर्धन करने के लिए नये अभिगम और प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावीकरण:

लड़कियों और महिलाओं के लिए SDG प्राप्त करने के लिए सरकारों को प्रभावित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं के आंदोलनों और वकीलों को सुगठित, डेटा चालित वकालत करने में सहायता करना, और अंतर-क्षेत्रीय हितधारकों की शक्ति का नियंत्रण और परिचालन करना।

वैश्विक और प्रादेशिक प्रभावीकरण:

लड़कियों और महिलाओं के लिए SDG सिद्ध करने के लिए राजनैतिक संकल्प बनाने और राष्ट्रीय सरकारों के नीति अजेन्डाओं को प्रभावित करने के लिए हमारी संयुक्त आवाज़ का उपयोग करना और वैश्विक और प्रादेशिक हितधारकों के लिए प्रभावी डेटा साधनों का उपयोग करना

Morgana Wingard – USAID

2018-2019 के लिए हमारा कार्य

आगे क्या होगा:
अंतःक्रियात्मक डेटा और सामग्री समृद्ध ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म जिसमें EM2030 का SDG लिंग सूचकांक, फोकस देश डेटा और विश्लेषण और वैश्विक वकील सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी

डेटा और विश्लेषण

Equal Measures 2030 यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहा है कि SDG में लड़कियों और महिलाओं के लिए विस्तारित प्रतिबद्धताओं की प्रगति को ट्रैक करने के लिए डेटा और साक्ष्य का प्रभावी उपयोग हो। जहाँ डेटा और साक्ष्य की कमी हमारी प्रगति को ट्रैक करने की क्षमता को अवरोधित करते हैं, हम इन डेटा की कमियों को पूरा करने के और ऐसे प्रयासों में अधिक निवेश के आह्वाहनों का समर्थन करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, Equal Measures 2030 लड़कियों और महिलाओं के लिए SDGओं की प्रगति को राष्ट्रीय लिंग संबंधी कानूनों और नीतियों का मूल्यांकन करने के साथ-साथ उन परिणामों के संसाधनीकरण, निधियन और परिणामों का भी एक नये SDG लिंग सूचकांक द्वारा मूल्यांकन कर के ट्रैक कर रहा है।

देश SDG ढाँचे के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ट्रैक पर हैं या नहीं इसका मापन करने, और लिंग समानता सिद्ध करने के लिए, Equal Measures 2030 का सूचकांक राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण अनेक मुद्दों (स्वास्थ्य और शिक्षा से ले कर आर्थिक सशक्तिकरण तक के), जो कि केवल ध्येय 5 (विशेष रूप से लिंग समानता से संबंधित SDG) से आगे जाते हैं, के बारे में डेटा का संकलन करता है।

EM2030 SDG लिंग सूचकांक अलग कैसे है?

- SDGओं से संरेखित है और 17 लक्ष्यों में से अधिकतर में शामिल मुद्दों को शामिल करता है
- प्रगति के मापन के लिए आधिकारिक SDG और पूरक सूचकों के मिश्रण की सहायता लेता है
- कानूनों, नीतियों, सामाजिक रिवाजों की उपस्थिति, संसाधनीकरण और निधियन जैसे “इनपुट”, और “नतीजों” या परिणामों के माप शामिल करता है
- परिणामस्वरूप देशों के कार्यनिष्पादन की तुलना के लिए एक संयुक्त स्कोर प्राप्त होता है
- अधिकार आधारित और आर्थिक दोनों अभिगम जताता है
- वकीलों और अन्य हितधारकों (स्थानीय और वैश्विक) के साथ विचार-विमर्श पर आधारित
- उपयोग में आसान और इन्टरएक्टिव ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध
- हमारा सूचकांक संयुक्त राष्ट्र संघ और SDG सूचकों पर अंतर-एजेन्सी और विशेषज्ञ समूह (IAEG-SDGs) द्वारा स्वीकृत आधिकारिक SDG सूचकों से शुरू होता है, लेकिन इन मापों से आगे जाता है। हम पूरक डेटा स्रोतों से सूचकों का उपयोग करते हैं - जिस मे, जहाँ संभव हो, गैर सरकारी संस्थानों, विकास एजेन्सियों, नागरिक समाज और निजी क्षेत्र को भी शामिल करते हैं - ताकि लड़कियों और महिलाओं के लिए प्रगति और चुनौतियों की एक अधिक पूर्ण तसवीर बनायी जा सके।

Richard Wainwright – Plan Australia

राष्ट्रीय स्तर पर:

हमारे छः शुरुआती फोकस देशों (कोलम्बिया, अल साल्वाडोर, भारत, इंडोनेशिया, केन्या और सेनेगल) के वकीलों और निर्णयकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हम हमारे सूचकांक के लिए संचयित डेटा से आगे जा कर देश-विशेष के डेटा स्रोतों से जानकारी एकत्रित करते हैं, ताकि उस देश में लड़कियों और महिलाओं के लिए SDGओं की प्रगति को बेहतर ट्रैक किया जा सके। हम विशेष लिंग संबंधी विषयों या मामलों का भी गहराई से अध्ययन करते हैं -जिसके लिए हम अपने राष्ट्रीय प्रभावकारी साझीदारों द्वारा चालित होते हैं।

हम उस देश से संबंधित आधिकारिक और पूरक डेटा का उपयोग करते हैं, और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन, रीसर्च और कहानियाँ तैयार करते हैं, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि डेटा और साक्ष्य हमारे फोकस देशों में वकालत और कार्य को चालित कर रहे हैं।

केवल डेटा दुनिया को बदल नहीं सकता, लेकिन यह वकीलों को सशक्त कर सकता है, क्योंकि वह परिज्ञान देता है, अधिकारहीन समूहों के लिए विशेष परिस्थितियों पर प्रकाश डालता है, आवश्यकताओं की पहचान करता है, और यह प्रकट करता है कि कौन-सी नीतियाँ किस परिस्थिति में काम करती हैं, और कौन सी नहीं। लड़कियों और महिलाओं के जीवन और कल्याण के बारे में हमारे वर्तमान ज्ञान में वृद्धि करना 2030 तक SDGओं को पूरा करने के लिए अतिमहत्वपूर्ण हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावीकरण

Equal Measures 2030 का मानना है कि बेहतर गुणवत्ता वाला उपयोग में आसान डेटा और साक्ष्य वैश्विक स्तर पर परिवर्तन को चालित कर सकते हैं और उन देशों में भी. जहाँ हम काम करते हैं, और यह विश्वास हमारे राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावीकरण मॉडल को चालित करता है।

हम लड़कियों और महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले स्थानीय या राष्ट्रीय संगठनों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं और उन्हें डेटा और साक्ष्य आधारित साधन प्रदान करते हैं जिससे वे अपनी वकालत सरलता से कर सकें और राष्ट्रीय और उप-राष्ट्रीय स्तरों पर अपने प्रभाव को बढ़ा सकें।

वकीलों द्वारा डेटा के प्रभावी उपयोग को सशक्त बनाने के लिए हमने एक पाइलट 'वकालत के लिए डेटा' प्रशिक्षण तैयार किया है जिसका ध्येय है डेटा साक्षरता कौशल को बेहतर बनाना और वकीलों की डेटा और साक्ष्य की वकालत प्रभाव सिद्ध करने के लिए उपयोग की समझ को और शक्तिशाली बनाना।

इसके अलावा Equal Measures 2030 हमारे राष्ट्रीय साझीदारों और उनके नेटवर्क की निर्णयकर्ताओं को प्रभावित करने के लिए सहायता करता है, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि लिंग समानता संबंधी प्रमुख मुद्दों जैसे कि यौन और प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य और अधिकार, राजनैतिक और आर्थिक सशक्तिकरण, शिक्षा, और बाल विवाह आदि को संबंधित करने के लिए सही कानून, नीतियाँ और बजट आवंटन निर्धारित किये गये हैं।

हमारे राष्ट्रीय साझीदारों के साथ-साथ और अपने नौ संस्था-पक साझीदारों के नेटवर्क द्वारा, हम लड़कियों और महिलाओं के लिए SDGओं को सिद्ध करने के लिए राजनैतिक संकल्प बनाने और नीति अजेन्डाओं और देशों की सरकारों द्वारा संसाधन आवंटन को प्रभावित करने के लिए काम करते हैं।

इस समय हम जहाँ काम करते हैं



Jessica Lomelin - Equal Measures 2030

वैश्विक और क्षेत्रीय प्रभावीकरण

Equal Measures 2030 नागरिक समाज, निजी क्षेत्र, मीडिया, बहुदिश संस्थानों, और आगे के प्रभावकारी व्यक्तिओं के साथ मिल कर राष्ट्रीय सरकारों के लिए SDGओं के अनुसार लिंग समानता सिद्ध करने के लिए “प्रथम स्थान तक रेस” तैयार करने में सहायता करता है।

दमदार कहानी कहने की कला, गुणात्मक और संख्यात्मक डेटा का मिश्रण नीति-निर्माताओं को उन समस्याओं को स्वीकृति देने को बाध्य कर सकते हैं जिन्हें पहले अनदेखा किया गया हो या जिन्हें कम वरीयता दी गई हो। और जहाँ राजनैतिक इच्छा कम हो, वहाँ लिंग समानता आंदोलन, जो कि शक्तिशाली कहानियों और डेटा की मदद से लोगों को आकर्षित करता है - हमारे साझीदारों की संयुक्त आवाज़ से चालित - किसी समस्या को नीति अजेन्डा के शीर्ष पर ले जाने के लिए गतिशक्ति निर्माण करने में मदद कर सकता है।

हमारे सभी संचार संबंधी कार्यों में, Equal Measures 2030 का ध्येय है दमदार और स्पष्ट सामग्री - जिस में मानवकेन्द्री कहानी, सफलता की कहानियाँ, स्कोरकार्ड, विज़ुअलाइज़ेशन और अधिक सामग्री - जो कि डेटा को जीवंत करते हैं - प्रस्तुत कर के तथ्यों और आँकड़ों से आगे जाना। डेटा का मूल्यवर्धन कर के – विश्लेषण, कहानियों, और प्रौद्योगिकी और अन्य साधनों के रचनात्मक उपयोग से - हम आँकड़ों से आगे जा कर और साक्ष्य उत्पन्न कर सकते हैं जो वास्तविक परिवर्तन को प्रेरित और चालित करता है।

EM2030 का डेटा और सामग्री चालित ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म

- सितम्बर 2018 में, Equal Measures 2030 एक इंटरएक्टिव ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करेगा जो हमारे वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय डेटा और प्रभावित करने वाले प्रोडक्ट्स, जिन में EM2030 का SDG लिंग सूचकांक शामिल हैं, एक साथ उपलब्ध होंगे।
- ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म में डेटा विज़ुअलाइज़ेशन, डेटा के पीछे की कहानियाँ, वकील सर्वेक्षण के निष्कर्ष, साझीदार और उद्योग संसाधन और अन्य चीज़ें शामिल होंगी। डेटा डैशबोर्ड और देश प्रोफाइलों का उपयोग सूचकांक में से और गहराई से विश्लेषण और विशेष विषयों, लक्ष्यों और ध्येयों के बारे में कहानी सुनाने की गतिविधि के लिए किया जाएगा।
- हमारा रवैया लड़कियों और महिलाओं के आंदोलनों और वकीलों, विशेषतः स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर, की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित होगा, लेकिन यह निर्णयकर्ताओं, मीडिया, निजी क्षेत्र, नागरिक समाज, डेटा समुदाय, शैक्षणिक समुदाय और आम जनता के लिए भी पहुँचक्षम बनाया जाएगा।
- हमारे इंटरएक्टिव और उपयोग में आसान ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म का ध्येय साक्ष्य आधारित नीति और लिंग समानता के लिए वकालत के लिए एक संपूर्ण संसाधन बनने का और लिंग और विकास संबंधी प्रगति को ट्रैक करने के लिए एक अधिक विस्तृत संसाधन बनने का है।

नीतिनिर्माता और लिंग समानता

हमारी नवीनतम रिपोर्ट

2017 में, Equal Measures 2030 ने कोल्बिया, भारत, इंडोनेशिया, केन्या, और सेनेगल के 100 से अधिक नीति-निर्माताओं का सर्वेक्षण किया ताकि लिंग संबंधी समस्याओं की प्रगति के बारे में उनकी अभिज्ञता को समझा जा सके और निर्णय लेने के आधार के रूप में उनके द्वारा डेटा तक पहुँच और उपयोग को भी जाना जा सके।

यह सर्वेक्षण Equal Measures 2030 द्वारा किया गया पहला खोज अध्ययन था। सर्वेक्षण से प्राप्त निष्कर्ष इस बात का समर्थन करते हैं कि डेटा और साक्ष्य प्रासंगिक हों और लड़कियों और महिलाओं के लिए SDG तक पहुँचने के लिए पूरी तरह से समझपूर्वक के निर्णय लेने में नीति-निर्माताओं का मार्गदर्शन करते हों यह सुनिश्चित करने के लिए और प्रयास करना ज़रूरी है।

हम आपको Equal Measures 2030 की वेबसाइट पर उपलब्ध रिपोर्ट पढ़ने को आमंत्रित करते हैं।

सितम्बर 2018 में आ रहा है

वकील, डेटा और लिंग समानता

अगली रिपोर्ट में जिनका सर्वेक्षण किया जाए ऐसे सैंकड़ों वकीलों से परिज्ञान शामिल होगा, जो कि विश्व भर में लिंग समानता पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट का उद्देश्य लिंग समानता, मापन और प्रगति के सूचकों और उनके अपने काम में डेटा और साक्ष्य के उपयोग के बारे में वकीलों के दृष्टिकोण को जानना है।

शामिल हों

Equal Measures 2030 को सहयोग और साझीदारी की संयुक्त इच्छा से स्थापित किया गया था। हमारी कार्य नीति के अति महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में, हम हमेशा ऐसा संगठनों, कंपनियों और व्यक्तिओं को शामिल करने के अवसर खोजते हैं, जो हमारे लिंग समानता सिद्ध हो और जहाँ हर लड़की और महिला महत्वपूर्ण हो और महत्वपूर्ण मानी जाए ऐसी दुनिया के स्वप्न के सहभागी हैं।

यदि आप किसी लड़कियों या महिलाओं के आंदोलन का हिस्सा या कोई वकील हैं
जहाँ हम अपने उप-अनुदान मॉडल को विस्तारित कर रहे हैं, हम से संपर्क बनाए रखें, और वकालत संबंधी साधन और संसाधन तक पहुँच प्राप्त करने, हमें महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और प्रादेशिक प्रभावकारिता अवसरों की पहचान करने में मदद करने, हमारे साथ डेटा साझा करने और लड़कियों और महिलाओं द्वारा और उनके लिए खोज की सहायता करने के लिए हमारे साथ जुड़ें।

यदि आप निजी क्षेत्र से हों तो हमारे साथ कार्य करें। अपने कौशल, विशेषज्ञता, संसाधन और लिंग समानता के लिए अपने जुनून को जागरूकता बढ़ाने, क्षमता निर्माण करने, डेटा साझा करने के लिए हमारे साथ जुड़ कर बेहतरर बनाएं, हमारे कार्य को संभव बनाने के लिए निवेश करें और रूपांतरणीय परिवर्तन संभव बनाने वाले प्रमुख निर्णयकर्ताओं के साथ काम करें।

यदि आपके संगठन के पास ऐसा डेटा है जो हमें लड़कियों और महिलाओं के बारे में महत्वपूर्ण कहानियाँ सुना सकता है, तो
एक अधिक पूर्ण तसवीर बनाने में हमारी सहायता करें। साथ मिल कर हम लड़कियों और महिलाओं की ज़िंदगी की एक विस्तृत समझ उत्पन्न कर सकते हैं और इस बात का निरीक्षण कर सकते हैं कि क्या वास्तव में समानता की दिशा में प्रगति हो रही है। हम किस तरह से सहयोग कर सकते हैं इसके बारे में बात करने के लिए हम से संपर्क करें।

यदि आप कोई पत्रकार या डेटा विज़ुअलाइज़र हैं तो हमें दिखाएं कि आप अपना डेटा अर्थपूर्ण कैसे बनाते हैं। यदि आपने हाल ही में अपने किसी श्रोतागण के लिए डेटा के बारे में लिखा हो या उसे विज़ुअलाइज़ किया हो, तो अपना कार्य हमारे साथ साझा करें ताकि हम उसे दूसरों के साथ साझा कर सकें। या यह जानने के लिए हम से संपर्क करें कि हम किस तरह से एक साथ मिल कर नयी डेटा कहानियों को जीवंत कर सकते हैं।

यदि आप एक व्यक्ति हैं तो EM2030 समुदाय का हिस्सा बनें। हमारे न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करें, हमें Twitter, Facebook और LinkedIn पर फॉलो करें और अपने स्वप्न, कार्य और दूरदर्शिता को विस्तारित करने में हमारी मदद करें।

हमारे काम के बारे में और जानने और सहयोग के क्षेत्रों के बारे में बात करने के लिए, इस पते पर संपर्क करें
info@equalmeasures2030.org

EQUAL MEASURES

African Women's Development and Communication Network (FEMNET), एक प्रादेशिक, सदस्यता आधारित गैर-सरकारी संगठन है जिसे 1988 में आफ्रीकी महिलाओं के गैर-सरकारी संगठनों के बीच जानकारी, अनुभव, विचार और कार्यनीतियाँ साझा कर के महिलाओं की प्रभावी रूप से हमारे भूखंड के विकास में हिस्सा लेने की क्षमता को प्रबल करने के लिए बनाया गया था। यह वकालत, क्षमता विकास, संचार और नेटवर्किंग द्वारा किया जाता है।

Asian-Pacific Resource and Research Centre for Women (ARROW), महिलाओं का कुआला लम्पूर, मलेशिया स्थित एक क्षेत्रीय गैर-लाभ संस्थान, यह सुनिश्चित कर के कि महिलाओं के यौन और प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य और अधिकार प्राप्त हों, उनको अपने जीवन के हर पहलू में समानाधिकार वाली नागरिक बनने में सक्षम बनाता है।

Bill & Melinda Gates Foundation अवरोधों को दूर करने को प्रतिबद्ध है ताकि महिलाएं और लड़कियाँ आगे बढ़ सकें, और साथ ही वह अपने साझीदारों के साथ मिल कर ऐसे विश्व की दिशा में काम करता है, जहाँ हर व्यक्ति के पास एक स्वस्थ, लाभकारी जीवन जी सके। Equal Measures 2030 का कार्य आंशिक रूप से बिल एंड मेलिन्डा गेट्स फाउन्डेशन द्वारा समर्थित है। फाउन्डेशन के कर्मचारी, जहाँ उपयुक्त हो, साझीदारी में भी हिस्सा लेते हैं।

Data2X एक सहयोगी तकनीकी और वकालत प्लेटफ़ॉर्म है, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ फाउन्डेशन का हिस्सा है और यह महिलाओं और लड़कियों के जीवन में व्यावहारिक फर्क लाने के लिए लिंग संबंधी डेटा की गुणवत्ता, उपलब्धता और उपयोग को बेहतर बनाने को समर्पित है। डेटा2X लिंग संबंधी डेटा में जो कमियाँ हैं उन्हें पूरा करने, विस्तारित और पूर्वाग्रह रहित लिंग संबंधी डेटा एकत्रीकरण को प्रोत्साहित करने, और लिंग संबंधी डेटा को लिंग समानता के समर्थन में नीतिओं, कार्यनीतिओं और निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए काम करता है।

International Women's Health Coalition (IWHC), आफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मध्यपूर्व में महिलाओं और युवाओं, विशेषतः किशिरियों के यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और अधिकारों को प्रोत्साहित करता है। IWHC समुदाय, राष्ट्रीय, प्रादेशिक और वैश्विक स्तरों पर नेताओं और संगठनों का का समर्थन कर के और उन्हें शक्तिशाली बनाकर, और अंतर्राष्ट्रीय और यू.एस, नीतियों, कार्यक्रमों और निधियन के लिए वकालत कर के इस एजेन्डा को प्रोत्साहित करता है।

2030 साझीदार

KPMG International विस्तृत अंतर-उद्योग विशेषज्ञता से आज की चुनौतियों का उत्तर देने और वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निर्भीक समाधान प्रदान करता है। KPMG महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण के रूपांतरणकारी प्रभाव को भली भाँति समझता है। कंपनी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में समाधान लागू करने और ऐसी साझीदारियों में काम करने में जुटी हुई है जो एक अधिक समृद्ध, लचीला और सम्मिलनकारी विश्व बनाने में लगी हुई हैं।

ONE Campaign विश्व भर के 90 लाख से अधिक लोगों का एक संगठन है, जो तीव्र गरीबी और निवार्य रोगों का अंत करने, और लिंग असमानता का अंतर करने के लिए कार्य कर रहा है। वन के 'पॉवर्टी इज़ सेक्सिस्ट' (गरीबी लैंगिकवादी है) अभियान का उद्देश्य नेताओं को ऐसी प्रमुख नीतियाँ और निर्णय अपनाने के लिए प्रभावित करना है, जो कि लड़कियों और महिलाओं को वैश्विक विकास अजेन्डा के केन्द्र स्थान पर रख दें।

Plan International एक स्वतंत्र विकास और मानवतावादी संगठन है जो बच्चों के अधिकारों और लड़कियों के लिए समानता को प्रोत्साहित करता है। एक न्यायपूर्ण विश्व के लिए काम करते हुए, यह संगठन बच्चों, युवाओं, समर्थकों और साझीदारों के साथ मिल कर लड़कियों और लड़कों के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तन प्रदान करने के लिए कार्य कर रहा है, जिसमें यह लिंग समानता पर विशेष बल देता है।

Women Deliver जानता है कि जब दुनिया लड़कियों और महिलाओं में निवेश करती है, सब जीतते हैं। लड़कियों और महिलाओं के स्वास्थ्य, अधिकारों और कल्याण के लिए प्रमुख वकील के रूप में, विमेन डिलीवर, विशेषतः मातृत्व संबंधी, यौन और प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य और अधिकारों में प्रगति को चालित करने के लिए, विभिन्न आवाज़ों और रुचियों को एक साथ लाता है। विमेन डिलीवर क्षमता निर्माण करता है, समाधान साझा करता है, साझीदारियाँ बनाता है, साथ मिल कर गठबंधन बनाता है, संचार और कार्य करता है जिनसे लड़कियों और महिलाओं के लिए राजनैतिक प्रतिबद्धता और निवेश बनें।

रोत

1 अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, Women at Work: Trends 2016, (जिनीवा: ILO, मार्च 2016).

2 विश्व स्वास्थ्य संगठन, Violence Against Women, तथ्य पत्रिका क्र. 239 (जिनीवा: WHO, नवंबर 2016 में अद्यतित), http://www.who.int/mediacentre/factsheets/fs239/en.

3 McKinsey वैश्विक संस्थान, The Power of Parity: How advancing women's equality can add $12 trillion to global growth (लंदन: McKinsey & Company, सितम्बर 2015), http://www.mckinsey.com/global-themes/employment-and--growth/how-advancing-womens-equality-can-add-12-trillion-to-global-growth.

4 संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन, The Hidden Crisis: Armed conflict and education, EFA Global Monitoring Report (पैरीस: UNESCO, 2011), http://unesdoc.unesco.org/images/0019/001907/190743e.pdf.

EQUAL MEASURES 2030

GENDER EQUALITY. DATA. GLOBAL GOALS.

equalmeasures 2030.org/news/ newsletter

@Equal2030

@equal2030

equalmeasures 2030.org

info@ equalmeasures 2030.org